## सार-समाचार

### मिलावट पर अभियान के तहत धौलपुर में व्यापक कार्रवाई

**धौलपुर**। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग, राजस्थान की आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशानुसार 24 फरवरी से जिले में शुद्ध आहार एवं मिलावट पर वार अभियान सघन रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गत तीन दिनों में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण, नमूनीकरण एवं जब्ती की प्रभावी कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा दल ने अभियान के दौरान रीको इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कैलादेवी फूड प्रोडक्ट्स से बेसन का नमूना लेकर लगभग 900 किलो बेसन जब्त किया गया। काली माई रोड स्थित आकाश ऑयल मिल से सरसों तेल का नमूना लेकर 300 किलो तथा गोयल ऑयल मिल से 150 किलो सरसों तेल जब्त किया गया। इसी क्रम में जानकी उद्योग, रीको इंडस्ट्रियल एरिया से गेहूं के आटे के 8 नमूने लेकर करीब 600 किलो आटा जब्त किया गया, जबकि दीपक उद्योग से गेहूं के आटा एवं मैदा के नमूने लेकर लगभग 2000 किलो आटा जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि अभियान के साथ ही गुरुवार को कंचनपुर में आयोजित लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर में 41 व्यापारियों को मौके पर ही खाद्य लाइसेंस/पंजीयन जारी किए गए। साथ ही सूरज ऑयल मिल, कंचनपुर से 100 किलो, राजकुमार ऑयल मिल, काली माई रोड से 100 किलो तथा अंतराम ऑयल मिल, काली माई रोड से 360 किलो सरसों तेल नमूना लेकर जब्त किया गया। विजय ऑयल मिल से भी सरसों तेल का नमूना लिया गया। सभी नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाए जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं नियम 2011 के तहत नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि होली पर्व तक अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा मिलावटखोरों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

### अवैध हथकढ़ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**धौलपुर**। अवैध हथकढ़ शराब के खिलाफ आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है जिला आबकारी अधिकारी पवन शर्मा के निर्देशन में सदर थाना इलाके के आदर्श नगर पंचगांव क्षेत्र में छापेमार कार्यवाही को अंजाम दिया गया अवैध हथकढ़ शराब निर्माण की सूचना पर टीम ने मौके पर दबिश दी कार्रवाई के दौरान करीब 3,000 लीटर वॉश को नष्ट किया गया वहीं शराब बनाने में इस्तेमाल हो रही 3 भट्टियों को भी तोड़कर नष्ट कर दिया गया। मौके से हथकढ़ शराब बनाने के उपकरण भी जब्त किए गए हैं। आबकारी निरीक्षक राहुल खंडेलवाल और प्रहराधिकारी देवकरण गुर्जर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है जिला आबकारी अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब निर्माण और तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### बालिका के हत्यारों को पकड़ने की मांग

**करौली**। बीकानेर के रणजीतपुरा गांव की एक बालि का की हत्या के मामले को लेकर करौली सेन समाज के लोगों ने गुरुवार सांय गुलाब बाग तिराहे सर्किल पर मृतक बालिका के चित्र फोटो पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज के अनिल सेन महेंद्र सेन राजेश सेन ओम प्रकाश सेन सेन समाज के नगर अध्यक्ष राजेश सेन के नेतृत्व में मृतक बालिका को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राज्य सरकार से मांग की है कि बालिका के एक हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया गया है अन्य हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए और मृतक बालिका के परिजन को उचित आर्थिक सहायता राशि के अलावा एक परिजन को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग की है।

### सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग

**भरतपुर** (निस)। पुरा मालौनी से सज्जनवास के लिए बनाई जा रही सीसी सड़क में संवेदक द्वारा घटिया सामठाी का उपयोग किए जाने की जानकारी मिलने पर ठाामीणों ने मौके पर पहुंच सड़क के कार्य को रुकवा दिया। सज्जनवास सरपंच शुशील चौधरी ने बताया कि पुरा मालौनी से सज्जनवास के लिए संवेदक द्वारा सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा था। इसी दौरान ग्रामीण अजीत चौधरी मौके पर पहुंच गए। जब सीसी सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग होता देखा तो इन्होंने इसकी जानकारी ग्रामीणों व सरपंच को दी। जिस पर सरपंच व ग्रामीणों ने सड़क में घटिया सामग्री का उपयोग होता देख कार्य को रुकवा दिया। साथ ही इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सरपंच शुशील चौधरी ने कहा कि सीसी सड़क निर्माण में गुणवत्ता पूर्ण सामठाी का उपयोग किया जाएगा। तभी इसका निर्माण करने दिया जाएगा।

### शराब ठेके का विरोध

**भरतपुर** (निस)। रूपवास क्षेत्र के भरतपुर मार्ग स्थित जरैला गांव से सटे दौरदा मार्ग पर कंटेनर में संचालित शराब ठेके का विरोध कर महिलाओं ने शराब ठेके में आग लगा दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जरैला गांव के निकट दौरदा मार्ग पर एक कंटेनर में शराब का ठेका संचालित था। जिसको लेकर कई बार जरैला गांव की महिलाओं ने इसे बंद करवाने का प्रयास किया। लेकिन असफल रहीं। जिससे इनका विरोध बढ़ता गया। इसी के चलते यह महिलाएं, युवतियां व युवक ठेके का विरोध करने कंटेनर में संचालित शराब ठेके पर पहुंच गए। इस दौरान कंटेनर के अंदर सेल्समैन बनवारी लाल मौजूद था। बनवारीलाल ने बताया कि काफी संख्या में आई महिलाओं ने ठेके का विरोध कर हंगामा किया। साथ ही इसमें आग लगा दी। मैं बड़ी मुश्किल से इसके अंदर से जान बचाकर भागा। आग ने कुछ ही देर में कंटेनर व उसमें रखी शराब जल कर राख हो गई। आग लगने की जानकारी मिलते ही थानाधिकारी विनोद मीणा मय जाप्ता मौके पर पहुंच गए। वहीं नगरपालिका से पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक सबकुछ जलकर राख हो गया। वहीं थानाधिकारी विनोद मीणा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पूछताछ के लिए कुछ महिलाओं को हिरासत में लिया है।

### पारंपरिक खेलकूद से सराबोर बृज अंचल

**डीग भरतपुर**। राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बृज होली महोत्सव-2026 का गुरुवार को डीग में अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल, जिला कलक्टर भरतपुर कमर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर डीग राजकुमार कस्वां, भरतपुर विकास प्राधिकरण बीडीए के आयुक्त कनिष्क कटारिया तथा जिला परिषद भरतपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुल सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की इस उपस्थिति ने महोत्सव के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन को बल प्रदान किया। महोत्सव का सर्वप्रमुख आकर्षण ऐतिहासिक डीग महल के सुप्रसिद्ध रंगीन फव्वारों का संचालन रहा। सायं 4:00 बजे जैसे ही महल परिसर में विभिन्न रंगों की जलधाराएं फव्वारों के माध्यम से आसमान की ओर उठीं, उपस्थित देशी-विदेशी पर्यटक और आमजन इस ऐतिहासिक एवं मनमोहक दृश्य को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। दिन भर के उल्लास के पश्चात सायं 7:00 बजे से डीग महल परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थानी लोक कलाकारों ने अपनी सतरंगी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया, जिसने बृज की समृद्ध लोक कलाओं को जीवंत कर दिया। इससे पूर्व प्रातःकाल मेला मैदान और डीग महल परिसर में विभिन्न ठाामीण खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया, जिनमें अंचल की प्रतिभाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परिणामों के अनुसार, मटका दौड़ प्रतियोगिता में अस्तावन की प्रिया ने प्रथम तथा लक्ष्मी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं नींबू दौड़ में वर्षा विजेता एवं कीर्ती उपविजेता रहीं। बोरी दौड़ में श्रीराम स्कूल की सुहाना ने बाजी मारी। ठाामीण अंचल के लोकप्रिय खेल रस्सा-कस्सी के महिला वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अऊ ने प्रथम तथा एकता कोचिंग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि पुरुष वर्ग में एमजेएफ डीग विजेता रहा। कबड्डी (पुरुष वर्ग) में राउमावि अऊ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय दिया। चित्रकला प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में झलक पंडित एवं जूनियर वर्ग में प्रशान्त सोनी ने प्रथम स्थान अर्जित किया।

# बाइक सवार 8 जनों ने बीच बाजार युवक को पीटा

- **दिनदहाड़े हुई घटना से मची रही अफरा तफरी, हमलावरों की तलाश में जुटी पुलिस**

**धौलपुर**। गुरुवार को धौलपुर शहर के कोतवाली थाना इलाके के हरदेव नगर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दो बाइकों पर सवार करीब आठ जने बाजार में पहुंचे और एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने तत्काल जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार घायल युवक दीपक निवासी सरमथुरा ने बताया कि वह बाजार की ओर आ रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक अनजाने में सामने से आ रही एक बाइक से टकरा गई। मामूली कहासुनी के बाद मामला अचानक बढ़ गया और कुछ ही देर में दो बाइकों पर सवार 8-10 जने मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि सभी लोग लाठी-डंडों से लैस थे और उन्होंने ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बाजार में हुई इस घटना से मौके पर मौजूद दुकानदारों और राहगीरों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर लोग अपाची मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए थे और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

## 10वीं के छात्र का शव बरामद

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर जिले के चिकसाना थाना क्षेत्र के गांव चक ऊंदरा में 10वीं कक्षा के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। घटना उस समय हुई जब प्रदेश में बोर्ड परीक्षाएं जारी हैं और मृतक छात्र भी परीक्षा दे रहा था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजन विजय सिंह पूनिया ने बताया कि मृतक भूरा गांव का ही निवासी था और इस वर्ष दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दे रहा था. 25 फरवरी को वह अपने खेतों की ओर गया था, जहां खेत में समर (ट्यूबवेल) लगी हुई है। परिजनों के अनुसार बुधवार शाम करीब 7 बजे तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिवार को चिंता हुई। इसके बाद माता-पिता और अन्य परिजन उसकी तलाश में खेत की ओर गए। खेत के पास खड़े एक शीशम के पेड़ के पास भूरा मृत अवस्था में मिला। यह दृश्य देख परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल आरबीएम ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## समस्याओं पर विचार-विमर्श

**भरतपुर**। पिक्चर पैलेस पर जिला व्यापार संघ के संजीव गुप्ता को पुनः अध्यक्ष बनने पर स्वागत किया गया। अध्यक्षता कुम्हेर गेट व्यापार संघ के संरक्षक मनोज शर्मा ने की। मुख्य अतिथि संजीव गुप्ता रहे। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि विपुल शर्मा जिला प्रवक्ता बंटू भाई जिला मंत्री पूर्व पार्षद अशोक लवानिया कुम्हेर गेट व्यापार संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र पंडित पूर्व अध्यक्ष गोपीसिंह उपाध्यक्ष महेश शर्मा मंत्री राजकुमार अग्रवाल नरेश लवानिया जोगेंद्र मित्तल मनीष गर्ग अशोक गुप्ता मुकेश डागुर राहुल मुरली सेनी आदि लोग उपस्थित थे।

## अधिकारियों ने सेवाओं की जांची गुणवत्ता

**करौली**। जिलेभर में मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत एमसीएचएन सत्रों में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकृत कर पोषण संबंधी दी गई। सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीना ने सब सेंटर गढीगांव पर आयोजित एमसीएचएन सत्र का निरीक्षण कर ऑडीके ऐप पर किया। उन्होंने बताया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के सुदृढीकरण के लिए प्रत्येक गुरुवार को एमसीएचएन सत्र आयोजन कर ड्यू लिस्ट अनुसार गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीकाकृत किया जाता है। इसी क्रम में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा ने सब सेंटर अटा, महमदपुर और बीजलपुर में आयोजित सत्र का निरीक्षण किया और ऑडीके एप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज कराया। इस दौरान डीपीसी -आईईसी लखन सिंह लोधा ने मातृ शिशु स्वास्थ्य पोषण दिवस पर सत्र आयोजन दौरान टीकाकरण संबंधी आईईसी प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन की अध्यक्षता में जिले की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सवाई माधोपुर जिले के निवर्तमान जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक सुशील दीक्षित की रही। करौली शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि 28 फ़रवरी 2026 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अजमेर में एक विशाल आम सभा में अजमेर जाने को लेकर तैयारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि ने करौली जिले से जाने वाले कार्यकर्ताओं के लिए बस की व्यवस्था एवं वहां पहुंचने से संबंधित जानकारियां दी। कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में जनसभा को सफल बनाने की बात रखी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश राजौरिया महेंद्र मीना, जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला, दिलीप गुप्ता, रूप सिंह मीना, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, पुष्पेन्द्र बंसल, अजयपाल, गोपाल सिंह गुर्जर, बबली चतुर्वेदी, पिंटू सोलंकी, सतवीर, सत्यनारायण, कपलेश,विध्या वैष्णव एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोवर्धन भक्त मंडल का वार्षिक उत्सव सम्पन्न

- **3 मार्च को होगा भव्य होली मिलन समारोह**
- **आपसी सौहार्द का संदेश देने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे**

**सूरौठ**। स्टेशन रोड स्थित अठासेन वाटिका परिसर में गोवर्धन भक्त मंडल द्वारा वार्षिक उत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर पधारे भामाशाहों एवं अतिथियों का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। उत्सव के दौरान भक्ति, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक रंगों का सुंदर संगम देखने को मिला। मंडल के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम में मंडल के संरक्षक सतीश जिंदल का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कमेटी सदस्यों ने अपने संबोधन में कहा कि मंडल का उद्देश्य धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में भाईचारा, सद्भाव और समरसता को सुदृढ़ करना है। उन्होंने सभी सदस्यों एवं सहयोगियों का उत्सव को सफल बनाने में दिए गए योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। मंडल पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 3 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गुलाल होली, फूलों की होली तथा आपसी सौहार्द का संदेश देने वाले विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के लिए सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। अंत में सभी सदस्यों ने एकजुटता के साथ आगामी होली मिलन समारोह को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मोदी की सभा पर चर्चा

**करौली**। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अजमेर आगमन को लेकर भाजपा कार्यालय पर बैठक आयोजित हुई। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि बैठक में सवाई माधोपुर जिले के निवर्तमान जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की जिला संयोजक सुशील दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में थे।

उन्होंने बताया कि आगामी 28 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अजमेर में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जिस सभा में करौली जिले से अधिक से अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारियों भाग लेने की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन और मुख्य अतिथि सवाई माधोपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक सुशील दीक्षित ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी से प्रधानमंत्री मोदी की सभा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने पर जोर दिया।

# 'शहर की सड़कों पर बने गड्ढों की मरम्मत तत्काल कराई जाए'

- **सड़क सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेन्सीयां आपसी समन्वय से कार्य करें**

**धौलपुर**। आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, सड़क सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसिया आपसी समन्वय करते हुए जिम्मेदारी से भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर एनएचएआई समेत सभी संबंधित विभाग किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति एवं विशेष टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। बैठक की शुरुआत पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा से हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि निराश्रित गौवंश सड़क पर बैठ जाते है। रात्रि में अंधेरे के कारण सड़कों पर बैठे आवारा पशु वाहन चालकों दिखाई नहीं देते हैं, जिस कारण जहां वाहन चालक दुर्घटनाठास्त हो जाते हैं वहीं पशु भी चोटिल हो जाते हैं। उन्होंने बेसहारा गौवंशों से होने वाले हादसे रोकने को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाकर उनको गौशाला में भेजने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित ब्लैक स्पॉट्स को चिह्नित कर वहां संकेतक बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स, स्पीड ब्रेकर और गति सीमा निर्धारण जैसे उपाय तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं की आशंका वाले क्षेत्रों में साइनेज लगाये जाए। उन्होंने ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आई-रैड पोर्टल पर दर्ज डाटा का गहन विश्लेषण किया जाना चाहिए। इससे दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान कर प्रभावी निवारक कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने सभी विभागों से आई-रैड पर सटीक व समयबद्ध डेटा अपलोड करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने सड़क दुर्घटना में पीड़ितों के लिए शुरू की गई राष्ट्रीय कैशलेस आपातकालीन चिकित्सा योजना पीएम राहत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद को निर्देशित किया कि शहर की सड़कों पर बने गड्ढों की मरम्मत तत्काल कराई जाए और नालियों की सफाई भी नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए। शहर में खुले नालों पर फैरो कवर लगाने के निर्देश दिए। एनएचएआई के अधिकारी को एनएच 44 की सर्विस रोड को सीमेंटेड करने के निर्देश दिए। साथ ही बाड़ी और सरमथुरा के मध्य हाईवे पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में अवैध रूप से रोड पर खड़े हुए वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वाहन पार्किंग समस्या के समाधान हेतु गांधी पार्क के सामने उद्यान विभाग के पास खाली पड़ी जगह की साफ-सफाई कर उपयोग में लेने के निर्देश दिए। साथ ही छोटी सब्जी मण्डी के पास पड़ी खाली जगह को भी पार्किंग के रूप में विकसित कर उपयोग में लेने के निर्देश दिए।

# 'यूजीसी के समर्थन में सर्वसमाज से एकजुटता का आव्हान

- **यूजीसी जैसी संस्थाओं का समर्थन करना समाज के शैक्षिणक भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक आवश्यक कदम है**

**हिंडौन सिटी**। यूजीसी के समर्थन में जाटव समाज की एक बैठक स्टेशन रोड स्थित जाटव छात्रावास में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला जाटव समाज सुधार समिति (360 गांव) के अध्यक्ष हट्टीराम ठेकेदार ने की। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, शिक्षाविद, युवा साथियों एवं विभिन्न गांवों से आए प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज के अधिकारों की रक्षा और व्यापक सामाजिक एकजुटता को मजबूत करना रहा। अध्यक्षीय उद्बोधन में हट्टी राम ठेकेदार ने कहा कि शिक्षा ही समाज की वास्तविक शक्ति है और यूजीसी जैसी संस्थाओं का समर्थन करना समाज के शैक्षिणक भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक आवश्यक कदम है। उन्होंने कहा कि जब समाज जागरूक और संगठित होता है, तब वह अपने अधिकारों की प्रभावी ढंग से रक्षा कर सकता है। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष बबलू चौरसिया भी मौजूद रहे। उन्होंने समाज में आपसी भाईचारा, समन्वय और सामूहिक नेतृत्व की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि एकजुट समाज ही प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। बैठक को संबोधित करते हुए रिंकू खेड़ी हैवत ने कहा कि एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्ग के अंतर्गत आने वाले सभी समाजों के अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों को 8 मार्च को आयोजित होने वाली संयुक्त बैठक में आमंत्रित किया जाएगा। इस निर्णय के अंतर्गत जाट समाज, गुर्जर समाज, मीणा समाज, माली समाज, कोली समाज, खटीक समाज, वाल्मीकि समाज, मुस्लिम समुदाय के ओबीसी वर्ग, विकलांग कोटे के प्रतिनिधि, कश्यप समाज, प्रजापत समाज, योगी समाज, जांगिड समाज एवं सेन समाज सहित सभी वर्गों को आमंत्रित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल सामाजिक समरसता और सामूहिक शक्ति को नई दिशा देगी। इस मौके पर छल्लेश्वर धोती वाले ने भी अपना संदेश देते हुए कहा कि समाज की मजबूती शिक्षा और संगठन में निहित है। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे शिक्षा को प्राथमिकता दें और समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। बैठक में जाटव समाज के शिक्षाविद ताराचंद जाटव, राधेश्याम देवत, मनीष हिंडौन ,रामप्रसाद ,अजीत नागावत, नेमीचंद तेजगांव, देशराज, पुरुषोत्तम, सत्येंद्र प्रसाद, लाल धर्म सिंह गुरुजी, करण सिंह, डीसी गुरुजी, महेश, समय सिंह, जगमोहन, पिंटू वनकी, ओमप्रकाश सुमन, कमल महमदपुरिया सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज की एकता, शिक्षा के प्रसार और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करने का सामूहिक संकल्प लिया।

## यजुर्वेद पारायण महायज्ञ जारी

**गंगापुर सिटी**। कांति नगर स्थित मोती भवन में यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

गुरुवार को इस कार्यक्रम में यजमानों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ में आहुतियां दीं। यज्ञ के दौरान पूरे वातावरण में मंत्रोच्चार और यज्ञाग्नि की सुगंध से आध्यात्मिक माहौल बना रहा। इस महायज्ञ के ब्रह्मा एवं वैदिक प्रवक्ता आचार्य शिव कुमार शास्त्री ने वेदमंत्रों की व्याख्या की।

आचार्य शास्त्री ने कर्मफल सिद्धांत को वेदों का मूल आधार बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनुष्य को उसके कर्मों के अनुसार ही फल प्राप्त होता है। उनके अनुसार, अच्छे कर्म सुख, शांति और समृद्धि की ओर ले जाते हैं, जबकि अनुचित कर्म दुःख और कष्ट का कारण बनते हैं। प्रवचन के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। वक्ताओं ने स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि वेदों के अनुसार कर्म करने से ही जीवन का कल्याण संभव है।

## सार-समाचार

### विकास कार्य सुनिश्चित किए जाएं : सोमनाथ

**धौलपुर**। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत अंतर्विभागीय गतिविधियों की समीक्षा बैठक मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अवहाद निवृति सोमनाथ की अध्यक्षता में जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण, मरम्मत, पोषण, शिक्षा एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। सीईओ ने विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि नीति आयोग के अंतर्गत जिन आंगनबाड़ी केंद्रों के नवीन भवन निर्माणाधीन हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से 15 दिवस में पूर्ण कराया जाए। वहीं एसडीआरएफ मद से चल रहे मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए आगामी तीन दिवस में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त सीडीपीओ को पोषण ट्रेकर की नियमित मॉनिटरिंग, बच्चों की उचित वृद्धि निगरानी तथा अपार आईडी एवं आभा आईडी बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर शौचालय क्रियाशील नहीं हैं, उनकी सूची संबंधित विकास अधिकारियों को उपलब्ध कराने को कहा। सीईओ ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों से ही बच्चों के सीखने की नींव मजबूत होती है, इसलिए पूर्व-प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही मरम्मत योग्य एवं विद्युत विहीन केंद्रों की सूची तैयार कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों पर क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं वेदांता फाउंडेशन, जेएसआई फाउंडेशन, रॉकेट लर्निंग तथा वात्सल्य के सहयोग से समुदाय की सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में सम्पूर्णता अभियान के तहत ब्लॉक एवं जिला स्तर के संकेतकों की माहवार मॉनिटरिंग कर शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उड़ान योजना के अंतर्गत नैपकिन प्राप्ति के बाद उनके वितरण की नियमित मॉनिटरिंग तथा ई-औषधि पोर्टल पर समयबद्ध प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा गया। इस अवसर पर नन्दघर फाउंडेशन की प्रतिनिधि ने जिले में नंदघर की प्रगति तथा जेएसआई फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने प्रोजेक्ट बालवर्धन पर जानकारी साझा की। बैठक में उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास धौलपुर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश मंगल, एडीपीसी समसा जितेंद्र जादौन, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी चेतराम मीणा, सभी विकास अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### ईमानदारी अभी जिन्दा है

**भुसावर भरतपुर** (निस)। रुपए कमाने के फेर में जहां चारों ओर लुट-खसोंट मची हुई है और महज कुछ पैसों के लिए जहां भाई- भाई एवं दोस्तों के बीच झगड़ा हो जाते हैं। वहीं समाज में कुछ ऐसे भी लोग अभी मौजूद हैं, जो दुसरे के पैसों को अमानत समझ कर उन्हें उसके असली मालिक तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं जहां ऐसे लोगों की बदौलत भी ईमानदारी जिन्दा है। ऐसी ही ईमानदारी की मिसाल पेश की है भुसावर कस्बे के कानूनगो मौहल्ला निवासी विष्णु कुमार (विष्णु सैन) पुत्र स्वर्गीय अमर सिंह सैन ने। दर असल हुआ यूं कि विष्णु सैन कस्बे के बाजार से कुछ घरेलू ज़रूरतमन्द सामान लेकर अपने घर आ रहा था जहां अचानक घर के पास रास्ते में उसे एक पर्स दिखाई दिया। जहां उन्होंने अपनी मां को आवाज़ देकर बुलाया और उन्होंने पर्स खोल कर देखा तो उसमें सेवा निवृत्त वैध वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय का फोटो लगा हुआ था। विष्णु सैन ने दुरभाष पर वैध वीरेन्द्र कुमार को सुचना देकर मिला हुआ पर्स लौटा कर अपनी ईमानदारी की मिसाल पेश की गईं जिसमें लगभग तीन हजार पांच सौ रुपए थे। वहीं युवक विष्णु सैन के सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए वैध वीरेन्द्र कुमार ने शबाशी देकर मिठाई खिलाकर होंसला बढ़ाते हुए कोठी वाले हनुमानजी बाबा से प्रार्थना करते हुए विष्णु सैन की हर मनोकामना पूर्ण करने का आशीर्वाद प्रदान किया। वहीं दूसरी ओर वैध वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि वह बाजार में किसी कारणवश कुछ सामान लेने गये थे जहां रास्ते में उनका पर्स गिर गया था लेकिन कोठी वाले हनुमानजी बाबा के आशीर्वाद से विष्णु सैन ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए पर्स लौटा दिया। जिसमें लगभग तीन हजार पांच सौ रुपए और आई डी कार्ड सहित जरुरी दस्तावेज (कागजात) आदि रखें हुए थे।

### भक्त नैमिशारण्य में करेंगे 108 भागवत कथा

**गंगापुर सिटी**। श्रीमद भागवत रस वर्षण समिति ने उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थस्थल नैमिशारण्य में 108 श्रीमद भागवत कथा के आयोजन की घोषणा की है। यह कथा 5 से 11 जून तक लखनऊ जिले के जगन्नाथ धाम में आयोजित की जाएगी। कथावाचक दीपक कृष्ण शास्त्री महाराज होंगे। समिति की बैठक हाल ही में अग्रवाल धर्मशाला के पास आयोजित की गई, जिसमें इस भव्य आयोजन की तैयारियों पर मंथन किया गया। बैठक के दौरान कथा के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति सदस्यों ने कथा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की संख्या, उनके ठहरने, भोजन, नाश्ता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव दिए। यात्रा, आवास और समय-सारिणी पर भी बिंदुवार विचार-विमर्श किया गया, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। समिति ने इच्छुक श्रद्धालुओं से समय रहते अपना नाम दर्ज करवाकर पंजीकरण कराने का आग्रह किया है। सदस्यों ने आयोजन की सफलता के लिए सामूहिक सहयोग और अनुशासन पर जोर दिया। बैठक में शिवनारायण गुप्ता, एडवोकेट शिवकुमार शर्मा, बाबूलाल गुप्ता, निशांत शर्मा, गिरीश मित्तल, रवि जैमिनी, संदीप जैमिनी, मुकेश, सत्येन्द्र, विद्यानंदन दीक्षित, गोविंद दीक्षित, अर्पित, अनीता शर्मा सहित कई सदस्य मौजूद रहे। सभी ने आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने के लिए अपने विचार साझा किए।

### कार्रवाई की मांग

**गंगापुर सिटी**। नगर परिषद द्वारा शहर में करवाए जा रहे सीवरेज के कार्यो के लिए खोदे गए गडढे में गिरे पीडित प्रमोश शर्मा ने उदेई मोड थाने में सीवरेज कम्पनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा कर कार्रवाही की मांग की है। पीडित प्रमोद शर्मा ने बताया कि मंगलवार की रात को रात्री करीव 8 बजे सैनिक नगर से अपने घर पर आ रहा था उसी समय नादौती गंगापुर सिटी रोड पर नगर परिषद गंगापुर सिटी पर चल रहे सीवरेज के कार्य के लिए हुए गडडे में गिर कर चोटिल हो गया। पीडित ने बताया कि मौके पर कम्पनी ने 10 से 12 फीट का गडडे खोद रखे है जिसमें किसी भी तरह का संकेतक नहीं लगाया गया हैं जिससे सडक में हो रहे गडडे नहीं दिखते वहीं मार्ग सकरा होने के कारण व ट्राफिक ज्यादा होने के कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड रहा है। पीडित ने बताया कि वह लाइट की चकाचौंद में एवं गडडो के पास किसी भी तरह की बैरिकेटिंग नहीं करने के कारण अपनी स्कूटी सहित गहरे गडडे मे गिर गया जिससे उसकी स्कूटी में भारी नुकसान हो गया। वहीं वह भी घायल हो गया। पीडित ने पुलिस को संबंधित कम्पनी से 50 हजार से अधिक की क्षतिपूर्ति दिलवाने की मांग की है। पुलिस ने पीडित की रिर्पोट पर जांच शुरू कर दी है।

### जयपुर से दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी**। पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए जयपुर से दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वजीरपुर पुलिस ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देशन में की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सेक्टर गंगापुर सिटी राकेश राजौरा और वृत्ताधिकारी गंगापुर सिटी गिर्राज मीणा ने इस कार्रवाई का पर्यवेक्षण किया। गिरफ्तार किए गए स्थायी वारंटियों की पहचान गहलोत पुत्र राजेंद्र सिंह, निवासी गोविंदपुरा झोटवाड़ा, जयपुर, और वकील खान पुत्र नूर मोहम्मद, निवासी मुसलमान मोहल्ला वजीरपुर (वर्तमान श्याम नगर जनपथ, जयपुर) के रूप में हुई है। वजीरपुर थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने जयपुर में दबिश देकर दोनों को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, ये दोनों आरोपी लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे, जिसके कारण उनके खिलाफ स्थायी वारंट जारी किए गए थे। "ऑपरेशन शिकंजा" का उद्देश्य जिले में फरार और वांछित अपराधियों की धरपकड़ करना है। अभियान के तहत, पुलिस टीम ने तकनीकी सूचनाओं और स्थानीय स्तर पर जुटाए गए इनपुट के आधार पर जयपुर में आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की। सटीक जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने सफलतापूर्वक उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को संबंधित न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस ने बताया कि श्ऑपरेशन शिकंजाश के तहत स्थायी वारंटियों और फरार आरोपियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस गिरफ्तारी में पुलिस निरीक्षक राजवीर सिंह सहित हेड कांस्टेबल संदीप सिंह, कांस्टेबल मानवेन्द्र और तेजवीर सिंह शामिल थे।

